टोकम में दूसरे दिन गिरा रबर

टोक्यो • टोक्यो कमोडिटी एक्सचेंज (टोकम) में रबर वायदा लगातार दूसरे दिन भी नरम रहा। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले जापानी मुद्रा येन के मजबूत होने की वजह से वायदा में गिरावट दर्ज की गई। टोकम में गुरुवार को नेचुरल रबर नवंबर डिलीवरी 387.8 येन प्रति किलोग्राम पर रह गया। कारोबार के दौरान भाव एक फीसदी गिरकर 386 येन प्रति किलो (4,818 डॉलर प्रति टन) पर रह गए थे। वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार की गति धीमी रहने से मांग भी हल्की पड़ने लगी है। फिलिप फ्यूचर्स के विश्लेषक केर चुंग यांग ने कहा कि निवेशक जापानी अर्थव्यवस्था की धीमी सुधार दर को लेकर चिंतित हैं। इससे मांग में कमी आ सकती है।